प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज से विभिन्न जिलों में ग्राम रथ रवाना किए गए। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर में इन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अभियान ग्राम पंचायत स्तर तक सुशासन और अंत्योदय के संकल्प को साकार करेगा।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे। श्रीगंगानगर, भरतपुर, कोटपूतली–बहरोड, करौली और सवाईमाधोपुर में जिला कलेक्टरों ने ग्राम रथों को रवाना किया। गौरतलब है कि पंद्रह दिन के श्ग्राम रथ अभियानश की कल से शुरुआत हुई थी। इस अभियान के तहत एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से किसानों और पशुपालकों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान रथों में रखी गई श्सुझाव पेटिकाश के माध्यम से ग्रामीणों से महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए जाएंगे।

कोटा–शामगढ़ रेल खंड पर 16 डिब्बों वाली श्वंदे भारतश ट्रेन का सफल परीक्षण शुरू हो गया है। यह देश की पहली ऐसी ट्रेन है जो एक फ्रांसीसी कंपनी द्वारा विकसित की गई नियंत्रण और प्रणोदन प्रणाली से लैस है। परीक्षण के पहले दिन ट्रेन ने 60 से 115 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के बीच अपने ब्रेक सिस्टम का सफल प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में इस ट्रेन की गति को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 180 किलोमीटर प्रति घंटे तक ले जाने का प्रस्ताव है। इस नई प्रणाली से वंदे भारत की कार्यक्षमता में सुधार होगा, जिससे यात्रियों को भविष्य में और अधिक सुरक्षित तथा तेज गति का सफर मिल सकेगा।

सवाईमाधोपुर जिले की रणथंभौर बाघ परियोजना के फलौदी रेंज में आज एक बाघ मृत अवस्था में मिला है। मृत बाघ की पहचान टी–2402 के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग चार से पांच वर्ष है। यह बाघिन टी–99 का शावक था। वन विभाग के अनुसार, प्राथमिक तौर पर बाघ की मृत्यु का कारण किसी अन्य बाघ के साथ आपसी संघर्ष माना जा रहा है। बाघ के शव को राजबाग नाका लाया गया है, जहाँ राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के नियमों के तहत पोस्टमार्टम किया जाएगा। इसके बाद जांच के लिए नमूने प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।

सलूंबर जिले के झल्लारा में एक कार हादसे में दो भाइयों की मृत्यु हो गई है। यह दुर्घटना सलूंबर–ऋषभदेव मार्ग पर बामणिया गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, कार में सवार लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इस दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गया। हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुँचाया गया है।

जयपुर रेंज पुलिस ने हाईवे पर दुर्घटना संभावित स्थानों की जानकारी के लिए एक क्यूआर कोड जारी किया है। इसे स्कैन करने पर मैप में जोखिम के अनुसार तीन अलग–अलग रंग दिखाई देंगे। पीला रंग कम जोखिम, नारंगी मध्यम और लाल रंग अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों को दर्शाएगा। यह जानकारी पिछले तीन सालों के आंकड़ों पर आधारित है। इसका उद्देश्य वाहन चालकों को सड़क हादसों के प्रति सचेत करना है। जयपुर रेंज के सभी हाईवे पर यह सुविधा उपलब्ध होगी।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके लिए 5 से 18 साल तक की आयु के इच्छुक बच्चे 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। यह राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है, जो हर साल राष्ट्रपति द्वारा देशभर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जिन्होंने वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी जैसी श्रेणियों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।